पंजाब केसरी 23/09/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में हुआ नशा मुक्ति पर जागरुकता व्याख्यान




कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते जसबीर सिंह। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 22 सितम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज में नशा मुक्ति विषय पर एक सारगर्भित जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। यह व्याख्यान प्रख्यात समाजसेवी एवं नशा मुक्ति चेतना संघ पंजी. के संस्थापक सदस्य जसबीर सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और उनके बहुमूल्य विचारों से लाभान्वित हुए।

जसबीर सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने, सतर्क रहने तथा समाज में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। इस व्याख्यान ने विद्यार्थियों को नशामुक्त और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी।